षोडश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03

मंगलवार, दिनांक- 28 फरवरी, 2017 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.02 बजे अप० तक ।

कार्यवाही प्रारंभ होते ही माननीय नेता विरोधी दल, श्री प्रेम कुमार द्वारा हाल की कुछ घटनाओं की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट किया गया जिस पर आसन से कहा गया कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में वाद-विवाद के दौरान आप कल हीं इन बिन्दुओं की चर्चा कर चुके हैं । आज भी वाद-विवाद जारी है जिसमें आप चाहें तो आपके पार्टी के कोई माननीय सदस्य इन बिन्दुओं को पुन: विस्तार से रख सकते हैं ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 03 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 17 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iv) 158 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्य स्थगन :-**

माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी, श्री ललन पासवान, श्री विद्या सागर केशरी, श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव, श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं श्री विजय कुमार सिन्हा से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत माननीय नेता विरोधी दल श्री प्रेम कुमार द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा आग्रह करने के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 4.05 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[4] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा बिहार राज्य सूचना आयोग का वित्तीय वर्ष 2014-15 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[5] महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद (दिनांक 27.02.2017 से जारी) एवं सरकार का उत्तर :-

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन
(ii) श्री उमेश सिंह कुशवाहा

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री मो० इलियास हुसैन ने आसन ग्रहण किया ।)

(iii) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव
(iv) श्री मिथिलेश तिवारी
(v) श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम
(vi) श्री सत्यदेव राम
(vii) श्रीमती (डा०) रंजू गीता

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(viii) श्री राजू तिवारी
(ix) श्री ललन पासवान
(x) श्री मो० नेमतुल्लाह

सरकार की ओर से वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।''

तत्पश्चात् सदन द्वारा माननीय नेता विरोधी दल श्री प्रेम कुमार एवं श्रीमती बेबी कुमारी का संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य श्री श्याम रजक के धन्यवाद का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

आसन से घोषणा हुई कि "सदस्यगण इस अभिभाषण के लिए महामहिम राज्यपाल के कृतज्ञ हैं ।"

''विपक्ष के माननीय सदस्यगण पुनः सदन में प्रवेश कर गये ।''

[6] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-26 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

[7] शोक प्रकाश :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने लोक सभा एवं बिहार विधान सभा के पूर्व सदस्य तथा बिहार सरकार के पूर्व मंत्री जननायक स्व० चुनचुन प्रसाद यादव के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवार के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-01 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-28.02.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।